आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार
दिनांक : 13.01.2026 समय : 07.10PM

मुख्य समाचार,

- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आज हुई कैबिनेट बैठक में शिक्षकों के वेतन में बढ़ोतरी समेत कई अहम प्रस्तावों पर लगी मुहर।
- भारत ने ब्रिक्स 2026 की अध्यक्षता के लिए लोगो और आधिकारिक वेबसाइट लॉन्च की, विदेश मंत्री एस. जयशंकर रहे मौजूद।
- भोपाल नगर निगम परिषद की अहम बैठक, जल कनेक्शन, विवाह पंजीयन शुल्क और अमृत 2.0 से जुड़े तीन अहम  प्रस्ताव पारित।
- शिक्षा का अधिकार कानून के तहत निजी स्कूलों की मान्यता और नवीनीकरण को लेकर राज्य शिक्षा केन्द्र ने जारी किए अहम निर्देश ।

कैबिनेट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज हुई कैबिनेट की बैठक में कई प्रस्तावों पर मुहर लगी. मंत्रिपरिषद ने प्रदेश के शिक्षकों के लिए बड़ा फैसला लिया गया है. शिक्षकों की वेतन वृद्धि के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है. उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने बैठक में हुए फैसलों के बारे में जानकारी देते हुए बताया.

इसके अलावा बैठक में तीन सिंचाई परियोजनाओं को भी मंजूरी दी गई है, जिससे कई इलाकों की सिंचाई क्षमता में विस्तार होगा और किसानों को लाभ होगा। सांदीपनी विद्यालयों को लेकर भी बड़ा फैसला लिया गया है. दूसरे चरण में 200 विद्यालयों को मंजूरी दी गई है, जिस पर करीब 3660 करोड़ रुपए का खर्च आएगा. राज्य सरकार ने ग्वालियर और उज्जैन के वाहन मेले में 50 फीसदी की रियायत, अमृत योजना के लिए 5 हजार करोड़ के बजट और ड्यूटी के दौरान शहीद होने पर एसआई रामचरण गौतम के परिजनों को एक करोड़ की राशि दिए जाने को मंजूरी दी है.

ब्रिक्स लोगो

भारत ने आज ब्रिक्स 2026 की अध्यक्षता के लिए अपना लोगो और आधिकारिक वेबसाइट औपचारिक रूप से लॉन्च कर दिया है। यह लॉन्च नई दिल्ली में हुआ, जिसमें विदेश मंत्री एस जयशंकर शामिल हुए. उन्होंने आगामी वर्ष के लिए भारत की प्राथमिकताओं के बारे में बताया।

भारत जी-राम-जी

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि विकसित भारत जी-राम-जी कानून के तहत अब हर ग्रामीण परिवार को हर साल 125 दिन के रोजगार की गारंटी मिलेगी, जो पहले 100 दिन थी। नई दिल्ली में आज विकसित भारत जी राम जी पर संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि इस योजना में खेती के बुवाई और कटाई के समय मजदूरों की उपलब्धता बनाए रखने के लिए 60 दिन का बिना काम का समय भी रखा गया है। सांसद बंशीलाल गुर्जर ने आज आगरमालवा सर्किट हाउस में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन-ग्रामीण (वीबी-जी रामजी) को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि यह योजना गांवों की तस्वीर और तकदीर बदलने का कार्य करेगी।

सर्वोच्च न्यायालय

सर्वोच्च न्यायालय ने  सार्वजनिक स्थानों पर लावारिस कुत्तों को खाना खिलाने के मुद्दे पर सख्त सवाल उठाए हैं। अदालत ने पूछा है कि अगर किसी आवारा कुत्ते के हमले में बच्चे की जान जाती है, तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। कोर्ट ने कहा कि दया के साथ-साथ इंसानों की सुरक्षा भी जरूरी है। सुनवाई के दौरान अदालत ने आवारा कुत्तों की नसबंदी योजना के कमजोर क्रियान्वयन पर नाराजगी भी जताई.

दावोस बैठक

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल स्विट्जरलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक में भाग लेगा. 19 से 21 जनवरी तक होने वाली बैठक में मुख्यमंत्री वैश्विक निवेशकों से संवाद करेंगे. डॉ. यादव दावोस प्रवास के दौरान फॉर्च्यून 500 कंपनियों के सीईओ और वैश्विक उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन बैठकों में भी हिस्सा लेंगे.

यूथ गेम्स

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव vc ls dqN nsj ckn राज्य के सबसे बड़े खेल आयोजन खेलो एमपी यूथ गेम्स का बोट क्लब, बड़े तालाब पर djsaxs शुभारंभ । इस अवसर पर वॉटर प्रोजेक्शन, लेजर शो, भव्य आतिशबाजी और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन भी gksxkA. खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 के तहत 31 जनवरी तक ब्लॉक स्तर पर  खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इसके बाद खिलाड़ियों का चयन जिला, संभाग और राज्य स्तर पर किया जाएगा। सात खेलों के चयनित खिलाड़ी सीधे राज्य स्तर पर भाग लेंगे। खेलों में भाग लेने के लिए 15 जनवरी तक पंजीयन किया जा सकता है।

नगर निगम परिषद बैठक

आईएसबीटी स्थित नगर निगम कार्यालय में परिषद की अहम बैठक हुई। बैठक में शहर से जुड़े तीन महत्वपूर्ण प्रस्ताव बहुमत से पास किए गए। इनमें जल कनेक्शन व्यवस्था, विवाह पंजीयन शुल्क और अमृत 2.0 योजना शामिल हैं। महापौर मालती राय ने बताया कि ...

स्कूल मान्यता नवीनीकरण

राज्य शिक्षा केन्द्र ने शिक्षा का अधिकार कानून के तहत चल रहे निजी स्कूलों की मान्यता और नवीनीकरण को लेकर जरूरी निर्देश जारी किए हैं। शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए सभी निजी स्कूलों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा, चाहे मान्यता का नवीनीकरण हो या नई मान्यता लेनी हो। पहले आवेदन की अंतिम तारीख 31 दिसंबर 2025 थी, लेकिन तकनीकी दिक्कतों के कारण इसे बढ़ाकर अब 20 जनवरी 2026 कर दिया गया है। राज्य शिक्षा केन्द्र ने साफ कहा है कि अगर कोई स्कूल तय समय में ऑनलाइन आवेदन नहीं करता है, तो उसे मान्यता प्राप्त नहीं माना जाएगा और ऐसा स्कूल चलाना कानूनन अपराध होगा।

उपराष्ट्रपति - नशा मुक्त

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार हो सकता है जब देश के युवा नशामुक्त, स्वस्थ और उद्देश्यपूर्ण हों। उन्होंने आज दिल्ली विश्वविद्यालय के नशामुक्त परिसर अभियान को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस अवसर पर उन्होंने नशामुक्त परिसरों के लिए एक समर्पित ई-प्रतिज्ञा मंच और मोबाइल ऐप भी लॉन्च किया। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों का सेवन एक सामाजिक चुनौती तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए चिंता का विषय है। श्री राधाकृष्णन ने विद्यार्थियों से सक्रिय रूप से भाग लेने और नशामुक्त परिसर के लिए प्रतिज्ञा लेने का आग्रह किया।

मौसम

राज्य में शीतलहर का असर लगातार बना हुआ है। ठंड के बीच मौसम विभाग ने संकेत दिए हैं कि मकर संक्रांति के बाद प्रदेश के मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार 15 जनवरी से उत्तरी हिमालयी क्षेत्र में एक नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय होगा, जिसके प्रभाव से राज्य के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों में दो से तीन दिन बाद मावठा गिरने की संभावना है।

संक्षिप्त समाचार

- जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, जबलपुर द्वारा ग्रुप कैप्टन अमिताभ रावत और वारंट ऑफिसर देवेंद्र सिंह परिहार की मौजूदगी में कल डिफेंस ऑडिटोरियम में 10 वां वेटरन्स डे समारोह आयोजित किया जाएगा

- जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वाधान में बहादुर सागर तालाब पर एनडीआरएफ और एसडीईआरएफ की संयुक्त टीम द्वारा जल आपदा प्रबंधन को लेकर वाटर फ्लड रेस्क्यू डेमोंस्ट्रेशन आयोजित किया गया।

- सीधी जिले की चुरहट विधानसभा अंतर्गत उकरहा ग्राम पंचायत परिसर में आज कृषि ऋण सहकारी समिति के नवीन भवन का उद्घाटन सांसद डॉ. राजेश मिश्रा द्वारा किया गया।

- रतलाम में मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के अंतर्गत कृषि कार्य के दौरान करंट लगने से मृत्यु हो जाने पर ग्राम निवासी गणेशगंज, मृतक कृषक परिजन को आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

- राज्य स्तरीय विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी 2025-26 के अंतर्गत जिला स्तरीय आयोजन जिला शिक्षा केंद्र रायसेन में संपन्न हुआ।